त्रैमासिक परीक्षा

कक्षा – ग्यारहवीं

विषय– हिन्दी

V

समय– 3 घंटे　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांक – 50

नोट– सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए – 5

1) नमक का दरोगा गद्य की किस विधा का प्रतिनिधित्व करती है –

अ) नाटक　ब) एकांकी　स) कहानी　द) संस्मरण

2) कबीर दास की रचना है –

अ) बीजक　ब) सूरसागर　स) वीणा　द) रस मीमांसा

3) अपू के साथ ढाई साल पाठ की मूलभाषा क्या है –

अ) हिन्दी　ब) उर्दू　स) बांग्ला　द) फारसी

4) रामनरेश त्रिपाठी की रचना है –

अ) वे आँखे　ब) पथिक　स) घर की याद　द) पल्लव

5) कुंई की खोदाई करने वाले को कहते हैं –

अ) चेजारो　ब) मजदूर　स) किसान　द) चिनाई

प्रश्न 2. कबीर ने ऐसा क्यों कहा है कि संसार बौरा गया है ? 2

प्रश्न 3. नमक का दरोगा कहानी के आधार पर वंशीधर का चरित्र चित्रण कीजिए। 2

प्रश्न 4. लेखिका मियाँ नसीरुद्दीन के पास क्यों गई थी ? 2

प्रश्न 5. पथेर पांचाली फिल्म की शूटिंग का काम ढाई साल तक क्यों चला ? 2

प्रश्न 5. मानव शरीर का निर्माण किन पंच तत्वों से हुआ है ? 2

प्रश्न 6. वे आँखे कविता में किसान की पीड़ा के लिए किन्हें जिम्मेदार बताया गया है ? 2

प्रश्न 7. अनुपम रंग–बिरंगे नूतन रूप में सूर्य के सम्मुख कौन थिरकती हुई प्रतीत हो रही है ? https://www.cgboardonline.com 2

प्रश्न 8. कर्जन को इस्तीफा क्यों देना पड़ गया ? 2

प्रश्न 9. चेजारों अपने सिर की रक्षा कैसे करते हैं ? 2

प्रश्न 10. लेखक ने लता की गायकी की किन विशेषताओं को उजागर किया है ? 2

प्रश्न 11. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 4

बढ़ जाता है मान वीर का, रण में बलि होने से।
मूल्यवती होती सोने की, भस्म यथा सोने से।
रानी से भी अधिक हमें अब, यह समाधि है प्यारी।
यहाँ निहित है स्वतंत्रता की, आशा की चिनगारी।
इससे भी सुंदर समाधियाँ, हम जग में है पाते।

प्रश्न 1) वीरों के सम्मान में वृद्धि कैसे होती है ?

2) सोने से भी मूल्यवान क्या है ?

3) रानी लक्ष्मीबाई की समाधि से क्या प्रेरणा मिलती है ?

4) काव्य में रानी से भी अधिक प्रिय उनकी समाधि को क्यों कहा गया है ?

प्रश्न 12. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 4

मानव के व्यक्तित्व का निर्माण करने वाले विभिन्न तत्वों में चरित्र का सबसे अधिक महत्व है । चरित्र एक ऐसी शक्ति है, जो मानव जीवन को सफल बनाती है । चरित्र की शक्ति ही मानव जीवन में आत्मविश्वास और आत्म निर्भरता उत्पन्न करती है । चरित्र, मनुष्य के कार्यकलाप और आचरण के समूह का नाम है । चरित्र रुपी शक्ति, विद्या, बुद्धि और सम्पत्ति की शक्ति से भी महान होती है ।

प्रश्न 1) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए ।

2) मानव व्यक्तित्व निर्माण में किसकी प्रधानता होती है ?

3) चरित्र की क्या महिमा है ?

4) चरित्र किसे कहते हैं ?

प्रश्न 13. निम्न काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 4

लहराते वे खेत दृगों में, हुआ बेदखल वह अब जिनसे,
हँसती थी उसके जीवन की, हरियाली जिनके तृन–तृन से ।
आँखों ही में घूमा करता, वह उसकी आँखों का तारा,
कारकुनो की लाठी से जो, गया जवानी ही में मारा ।

प्रश्न 1) अतीत में किसान का जीवन कैसा था ?

2) किसान की आँखों में किसका चित्र घूमता था ?

3) कारकुनो ने क्या काम किया ?

4) किसान के पुत्र को क्यों मारा गया ?

प्रश्न 14. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 4

पंडित अलोपीदीन का लक्ष्मी जी पर अखण्ड विश्वास था । वह कहा करते थे कि संसार का तो कहना ही क्या, स्वर्ग में भी लक्ष्मी का ही राज है । उनका यह कहना यथार्थ ही था । न्याय और नीति सब लक्ष्मी के ही खिलौने है, इन्हें वह जैसे चाहती है, नचाती है । लेटे ही लेटे गर्व से बोले– चलो, हम आते हैं, यह कहकर पंडित जी ने बड़ी निश्चिंतता से पान के बीड़े लगाकर खाए, फिर लिहाफ ओढ़े हुए दारोगा के पास आकर बोले– बाबूजी आशीर्वाद ! कहिए हमसे ऐसा कौन सा अपराध हुआ कि गाड़ियाँ रोक दी गई । हम ब्राम्हणों पर तो आपकी कृपा दृष्टि रहनी चाहिए । बंशीधर रुखाई से बोले– सरकारी हुक्म ।

प्रश्न 1) लक्ष्मी जी के बारे में पंडित जी का क्या विश्वास था ?

2) गाड़ी पकड़े जाने की खबर पर उनकी क्या प्रतिक्रिया थी और क्यों ?

3) बंशीधर की रुखाई का क्या कारण था ?

4) प्रस्तुत पाठ के लेखक कौन है ?

प्रश्न 15. अनियमित डाक वितरण के संबंध में अधीक्षक डाक तार विभाग को एक शिकायती पत्र लिखिए । 4

https://www.cgboardonline.com

अथवा आपके मित्र ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है उसे बधाई देते हुए एक पत्र लिखिए ।

प्रश्न 16. किसी एक विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए – 7

अ) वृक्षारोपण या वनसंरक्षण   ब) स्वच्छता अभियान

स) छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थल   द) साहित्य और समाज